Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Bhadana Shri Avtar Singh

an>

Title : Need for early construction of Badarpur flyover.

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद) : देश की राजधानी दिल्ली की सीमा से लगता हुआ फरीदाबाद शहर एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र है। रोज लाखों लोग, कामगारों और व्यवसायियों का यहां से फरीदाबाद, आगरा एवं देश के अन्य राज्यों के लिए आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा आगरा हाईवे पर पड़ने के कारण यहां से भारी तादाद में अन्तर्राट्रीय टूरिस्टों की भी आवाजाही लगी रहती है। इसलिए आगरा राजमार्ग के दिल्ली-फरीदाबदा सीमा वाले भाग पर यातायात बहुत बढ़ गया है और हर रोज दो-दो घंटे लोगों को जाम में फंसना पड़ता है। ऐसी हालत में लोगों को भारी कठिनाई का सामना हर रोज करना पड़ रहा है। यातायात की सुगता के लिए लम्बे समय से बदरपुर बार्डर पर फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इस ओ वरब्रिज को बनाने को लिए कई बार समाचार पत्रों में घोाणा हो चुकी है लेकिन फिर भी इस महत्वपूर्ण कार्य की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विलम्ब के कारणों की भी जानकारी नहीं दी जा रही है। फरीदबाद खंड की उपेक्षा के चलते संभावित निवेशक भी फरीदाबाद की बजाय, पड़ोस के उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अन्य जिलों में रुचि ले रहे हैं। इससे फरीदाबाद में बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उक्त तथ्यों को ध्यान मे रखकर आगरा राजमार्ग के महत्व को देखते हुए जनहित में बदरपुर फ्लाईओवर का निर्माण शीघ्र कराया जाए ताकि नाकरीपेशा कर्मचारी, व्यापारी, पर्यटकों एवं आम जनता को वाहनों के जाम से छुटकारा मिल सके।